संपादकीय

आतंक का नेटवर्क

दिल्ली और यूपी में इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के एक मॉड्यूल के खुलासे ने चिंता बढ़ा दी है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और यूपी पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने दिल्ली और यूपी में कई ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में विस्फोटक सामान और हथियार बरामद किए। एनआईए के अनुसार इस मॉड्यूल 'हरकत-उल-हर्ब-इस्लाम' का मकसद कई जगहों पर बड़े धमाके करके दहशत फैलाना था। आतंक का यह नेटवर्क 3 से 4 महीने में ही तैयार हो गया था। पुलिस ने इस मामले में 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हालांकि इसके मास्टरमाइंड मुफ्ती सुहैल की तलाश जारी है।

कुछ साल पहले आईएसआईएस ने यह रणनीति बनाई कि वह खुद भारत या अन्य देशों में अपना अभियान नहीं चलाएगा बल्कि वहां पहले से सक्रिय आतंकी गुटों या इस तरह के नए समूहों को मदद पहुंचाएगा। उसके बाद इसने अलग-अलग तरीकों से अपने विचार का प्रचार करना जारी रखा जिससे प्रभावित होकर कई युवा इराक या सीरिया पहुंचे या कुछ भारत में दहशतगर्दी की योजना बनाने लगे। इनमें कई पढ़े-लिखे नौजवान भी शामिल हैं।

गृह राज्य मंत्री हंसराज अहीर के अनुसार वर्ष 2016 में 50 आतंकियों को सुरक्षा एजेंसियों ने गिरफ्तार किया जिन पर आईएसआईएस से जुड़े होने का संदेह है। पिछले साल फरवरी में गुजरात के राजकोट और भावनगर से एटीएस ने दो सगे भाइयों को पकड़ा था, जिन पर भारत में लोन वूल्फ अटैक की साजिश रचने का आरोप है। पिछले ही साल लखनऊ में एक आतंकी के साथ पुलिस की मुठभेड़ भी हुई। कानपुर से भी एक आतंकी पकड़ा गया। गनीमत है कि अभी तक आईएसआईएस समर्थक कोई बड़ी घटना को अंजाम नहीं दे पाए हैं। निश्चय ही सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता से हर तरह की साजिश विफल हो जा रही है और कोई मजबूत नेटवर्क नहीं बन पा रहा है। सुरक्षा तंत्र को और भी मुस्तैद रहने की जरूरत है। इस मामले में किसी तरह की राजनीति नहीं होनी चाहिए। लेकिन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आतंकी मॉड्यूल के खुलासे को इलेक्ट्रॉनिक संचार पर होने वाली निगरानी से जोड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि जिस इलेक्ट्रॉनिक इंटरसेप्शन का यूपीए सहित सारा विपक्ष विरोध कर रहा था, उसी के जरिए यह सफलता मिली है। याद रहे, केंद्र सरकार ने 10 एजेंसियों को पिछले दिनों कंप्यूटर और मोबाइल फोन की निगरानी करने का अधिकार दिया है, जिसका कांग्रेस और कई अन्य पार्टियों ने पुरजोर विरोध किया है। यह सही है कि आतंक पर नजर रखने के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरसेप्शन की जरूरत पड़ती है, लेकिन यह तभी किया जाना चाहिए जब किसी पर संदेह हो। बिना किसी शक के हर किसी के निजी डेटा पर नजर रखना किसी भी दृष्टि से सही नहीं है। विपक्ष ने यही सवाल उठाया है, जिस पर अलग से बहस होनी चाहिए। आतंक के मामले पर इस तरह की बयानबाजी ठीक नहीं।

किसानों को नहीं रुलाएगा प्याज, मोदी सरकार ने किया बड़ा फैसला

नई दिल्ली। सरकार ने प्याज के निर्यात पर प्रोत्साहन को दोगुना कर दिया है. प्याज के दाम में गिरावट से पैदा हो रही चिंताओं के बीच उसके निर्यात को बढ़ावा देने और किसानों को अधिक मूल्य दिलाने की कवायद के तहत ये कदम उठाए गए हैं. वर्तमान में प्याज के निर्यातकों को भारत से व्यापारिक वस्तु निर्यात योजना (एमईआईएस) के तहत (एमईआईएस) नई फसल के लिए पांच प्रतिशत का निर्यात प्रोत्साहन प्राप्त होता है. यह योजना 12 जनवरी, 2019 तक के लिए लागू थी. इस योजना को भी अगले

साल 30 जून तक के लिए? विस्तारित कर दिया गया है. एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, सरकार ने किसानों के हित में एमईआईएस के तहत मौजूदा पांच प्रतिशत के प्रोत्साहन को बढ़ाकर दस प्रतिशत कर दिया है. उसमें कहा गया है कि इससे घरेलू बाजार में प्याज के अधिक दाम मिलेंगे. मंडियों में नई फसल आने के कारण प्याज की खुदरा कीमतें बहुत अधिक 'गिर गई हैं.' बयान में कहा गया है, इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने का फैसला किया है ताकि घरेलू कीमतों में स्थिरता आए.

ट्राई ने केबल प्रसारण की नयी व्यवस्था के तहत चैनल चयन करने का समय 31 जनवरी तक बढ़ाया

नयी दिल्ली। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने केबल प्रसारण की नयी व्यवस्था के तहत चैनल चयन करने का समय 31 जनवरी तक बढ़ा दिया है। तब तक सभी ग्राहकों के मौजूदा चैनल पैक पहले की तरह चलते रहेंगे। ट्राई ने मार्च 2017 में प्रसारण एवं केबल सेवाओं के लिए नया नियामकीय ढांचा अधिसूचित किया था। बाद में तीन जुलाई 2018 को इसे पुनः अधिसूचित किया गया जिसमें इसे लागू करने की समय- सारिणी का उल्लेख है। इस समय सारिणी के अनुसार सभी

सेवा प्रदाताओं को इस ढांचे के अनुरूप सेवाएं देने की तैयारी 28 दिसंबर 2018 तक पूरी करनी है, क्योंकि अगले दिन से नयी व्यवस्था लागू हो जाएगी। हालांकि सेवा प्रदाताओं और प्रसारकों से चर्चा के बाद ट्राई ने अब ग्राहकों को चैनलों को चुनने की छूट 31 जनवरी तक बढ़ा दी है। इससे ग्राहक अब 31 जनवरी तक अपने पसंद के चैनल या पैक का चयन कर सकेंगे और तब तक उनके मौजूदा पैक यथास्थिति काम करते रहेंगे।

वहीं इससे सेवाप्रदाताओं को अपने ग्राहकों को पुरानी व्यवस्था से नयी व्यवस्था में लाने में आसानी होगी। ट्राई ने एक बयान में यह जानकारी दी है। अब सेवा प्रदाता कंपनियों को अपने सभी ग्राहकों को एक फरवरी 2019 से नयी व्यवस्था में ढालना होगा।

ई-सिगरेट के आयात, निर्माण और बिक्री पर पर रोक लगाई

नई दिल्ली। सरकार ने ई-सिगरेटों जैसे उत्पादों के आयात, मैन्युफैक्चरिंग, बेचने और डिस्ट्रीब्यूशन पर रोक लगा दी है. इनमें हीट-नॉट बर्न डिवाइस, वेप, ई-शीशा, ई-निकोटीन फ्लेवर्ड हुक्का, इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम आदि शामिल हैं.

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) की तस्करी निरोधक इकाई ने इस संबंध में अपने फील्ड अधिकारियों को सर्कुलर जारी किया है. इसमें ड्रग कंट्रोलरों को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 का पालन नहीं करने वाले इम्पोर्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा है बीआईसी का यह सर्कुलर दिल्ली हाई कोर्ट के इस संबंध में जारी आदेश के बाद आया है.

इसमें हाई कोर्ट ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के इसी तरह के एक सर्कुलर पर कहा था कि केंद्र सरकार द्वारा जारी पत्र पर अमल करना राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं है.

भारत के रुपे कार्ड की बढ़ रही है दुनिया में धमक, जल्द ही इस देश में होगा लॉन्च

नई दिल्ली। रुपे कार्ड साल दर साल सफलता के झंडा लहराता जा रहा है. स्वदेशी भुगतान प्रणाली पर आधारित एटीएम कार्ड RuPay ने भारत में शानदार प्रदर्शन किया है. वहीं, अब भूटान सरकार ने भी RuPay Cards को अपने देश में लॉन्च करने का निर्णय लिया है. इसकी जानकारी भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में दी. दरअसल, बाजार में Mastercard और Visa कार्ड ही रुपे कार्ड के मुख्य प्रतिद्वंदी हैं. Mastercard और Visa अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल पेमेंट कंपनियां हैं.

नेमार को बार्सिलोना से खेलते देखना चाहते हैं लियोनेल मेसी

नई दिल्ली। स्पेन फुटबाल क्लब बार्सिलोना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी का कहना है कि वह ब्राजील के स्टार नेमार को क्लब में वापस शामिल होते हुए देखना चाहते हैं. रिपोर्ट के अनुसार, मेसी ने इसके अलावा बार्सिलोना से जाने की अटकलों को भी सिरे से खारिज कर दिया है. बता दें कि पिछले साल नेमार 22.2 करोड़ पाउंड की राशि में बार्सिलोना से निकलकर पेरिस सेंट जर्मेन क्लब में शामिल हुए थे. हालांकि, अब भी उनका नाम बार्सिलोना के साथ जोड़ा जा रहा है और इस क्लब में उनकी वापसी की अटकलें लगाई जा रही हैं.

नए साल पर बीएसएनएल में नहीं होगा ब्लैकआउट

नई दिल्ली। बीएसएनएल मोबाइल उपभोक्ता नए वर्ष की पूर्व संध्या (31 दिसम्बर) पर अपने दोस्त व रिश्तेदारों से बाधा रहित बधाइयों का आदान-प्रदान कर सकेंगे। नए वर्ष पर बीएसएनएल ने अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करते हुए 31 दिसम्बर व एक जनवरी को ब्लैकआउट-डे नहीं रखने का निर्णय लिया है। बीएसएनएल के प्रधान महाप्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) सतीश कुमार बताते हैं कि बीएसएनएल मोबाइल सेवा के सभी उपभोक्ताओं को जिसके तहत नए वर्ष की पूर्व सन्ध्या और नए साल पर अपने निकट और प्रिय लोगों से सर्फिंग या बात करते समय सभी प्लान व विशेष टैरिफ वाउचर से सम्बंधित सभी लाभ पहले की तरह मिलते रहेंगे।

मेलबर्न फतह का इंतजार बढ़ा, जीत से 2 कदम दूर भारत

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के पुछल्ले बल्लेबाजों ने भारत का इंतजार जरूर लंबा करा दिया, लेकिन विराट कोहली की टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट में जीत से सिर्फ दो विकेट दूर है जबकि रविवार को पूरे दिन का खेल बाकी है. गेंद से कमाल दिखाने के बाद पैट कमिंस ने नाबाद अर्धशतक बनाकर भारत को शनिवार को मैच खत्म नहीं करने दिया. एक समय पर चाय के बाद ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट 176 रन पर गिर गए थे, लेकिन चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर स्कोर आठ विकेट पर 258 रन था.कमिंस 103 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 61 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि नाथन लियोन ने छह रन बना लिये

हैं. दोनों ने नौवे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी कर ली है. ऑस्ट्रेलिया को करिश्माई जीत दर्ज करने के लिए 141 रन चाहिए, जबकि भारत सीरीज में 2-1 से बढ़त लेने से दो विकेट दूर है.

चाय के बाद ट्रेविस हेड (34) और टिम पेन (26) ने छठे विकेट के लिए 22 रन जोड़े. हेड को ईशांत शर्मा ने 51वें ओवर में पवेलियन भेजा. पेन ने मिशेल स्टार्क (18) के साथ 19 रन जोड़े. रवींद्र जडेजा ने पेन को आउट किया, तो लगा कि मैच चौथे दिन ही खत्म हो जाएगा. कमिंस हालांकि दूसरे इरादों के साथ उतरे थे और एक मोर्चा उन्होंने संभाल लिया. स्टार्क को मोहम्मद शमी ने बोल्ड किया. भारत के लिए जडेजा ने तीन और शमी ने दो विकेट निकाले. आखिरी दो विकेट लेने के लिए भारत ने भरसक प्रयास किया.

विराट कोहली ने नतीजे की संभावना देखते हुए अतिरिक्त आधे घंटे के खेल के लिये अंपायरों को भी मना लिया, लेकिन कमिंस ने आज उन्हें जीत से महरूम रखा. इससे पहले चाय के समय आस्ट्रेलिया लक्ष्य से 261 रन पीछे था.

आज का राशिफल

मेष: आज आप अपने दम पर कुछ करने की कोशिश करें, क्योंकि आपमें आवश्यक्ता। अनुकूल सभी हुनर है। काम करते समय तुरंत फायदे की न सोचे, सही समय पर उचित फायदा आपको हो जाएंगा।

वृषभ: आज आपको आपनी दूरदर्शिता का फायदा मिलेगा, क्योंकि इसका असर आपके काम काज पर हो रहा है। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी अपनाएंगे।

मिथुन: आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेन्ट पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है।

कर्क: अज आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड़ ले रही हैं। आपके सभी रूके हुए लाभ भी हाथ में आने वाले हैं। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं, तो सोच-समझ कर निर्णय लें।

सिंह: बिजनस के संबंध में रिस्क लेने पर आज आपको फायदा होगा। अगर इनवेस्टमेन्ट या जमीन जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो, इस संबंध में बात आगे बढ़ाएं।

कन्या: आज आपको अपने रूटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करने की जरूरत है। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें।

तुला: आज आपका पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। कार्यस्थल पर कार्यक्षेत्र में कुछ और पैसा इनवेस्ट करने से स्थितियां नियंत्रण में आ सकती है और बेहतर लाभ हो सकता है।

वृश्चिक: आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय आज सार्थक हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है।

धनु: आज आपके घर में कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने वाले हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के रिश्ते आज फाइनल हो जाएंगे, इसके खर्च के लिए समय रहते ही पैसे इकट्ठा कर लें।

मकर: लंबे समय से साझेदारों के साथ पैदा हुए तनाव आज खत्म हो जाएगा। इससे आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति के पुनः आपके जीवन में लौट आने का हर्ष भी होगा।

कुंभ: इन दिनों कुछ रंगीन मिजाज लोगों के साथ आपका उठना बैठना चल रहा है। इनके साथ मौज-मस्ती के पिछे पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। आज आपको अपने मान सम्मान का ध्यान रखने की जरूरत है।

मीन: किसी मानसिक भ्रम या भय के कारण आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। मन चिड़चिड़ा होने के कारण काम में अरूचि रहेगी। आवागमन में दिक्कत हो सकती है। किसी अविश्वसनीय व्यक्ति के कारण आपकी प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है।

नए साल से पहले करें ये उपाय, पूरी होंगी मनोकामनाएं

हम अच्छी यादों को बनाए रखना चाहते हैं और बुरी यादों को भूलना चाहते हैं. इस दिन अगर हम कुछ विशेष तरह के कार्य करें तो मन और जीवन से कड़वी चीज़ें मिट जाती हैं. साथ ही आने वाला पूरा साल खुशियों से भर जाता है.

क्या करना चाहिए पुराने साल के अंतिम दिन

घर की पूरी साफ सफाई करनी चाहिए और अगर सम्भव हो तो सजाना भी चाहिए.

किसी न किसी रूप में भगवान को याद करना चाहिए.

चाहे भजन करें, चाहे कीर्तन करें या स्तुति करें.

इस दिन जरूरतमंदों को वस्त्र और खाने पीने की चीज़ों का दान करना चाहिए.

इस दिन चमकदार और सुन्दर रंग के वस्त्र धारण

करें.

काले रंग के वस्त्रों से परहेज करें.

क्या नहीं करना चाहिए पुराने साल के अंतिम दिन

घर को खाली छोड़कर इधर उधर न घूमें.

मांस मदिरा और ऊधम से परहेज करें.

किसी से वाद-विवाद न करें. पुराने साल के अंतिम दिन या साल के पहले दिन, अलग-अलग मनोकामनाओं के लिए करें.

धन और सम्पन्नता के लिए घर में रौशनी करें.

कर्ज और मुकदमे से मुक्ति के लिए- घर में फूलों की झालर लगाएं.

संतान प्राप्ति के लिए या संतान की समस्या के लिए

फूलों के पौधे लगाएं.

नौकरी, कारोबार या रोजगार के लिए- विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करें, गरीबों को भोजन कराएं.

हो सके तो कर्ज के लेन देन से बचें.

घर पर ही बनाए 'कसूरी मेथी मठरी'

घर में मेहमानों का आना-जाना तो लगा ही रहता हैं।ऐसे में मेहमानों को नाश्ते कराया जाता हैं और इसके लिए मीठे और नमकीन की व्यवस्था की जाती हैं। इसलिए आज हम आपके लिए 'कसूरी मेथी मठरी' बनाने की Recipe लेकर आए हैं,जिसकी मदद से आप मेहमानों को अलग स्वाद का जायका दे पाएंगी।तो आइये जानते है इस Recipe के बारे में।

आवश्यक सामग्री - 5 कप मैदा,1 कप सूजी, 10 टीस्पून चम्मच कसूरी मेथी, 5 टेबलस्पून घी,1 टीस्पून अजवाइन, नमक स्वादानुसार, गुनगुना पानी आवश्यकतानुसार

बनाने की विधि - कसूरी मठरी बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में मैदा,सूजी,नमक और कसूरी मेथी डालकर मिला लें-अब मैदे में घी डालकर अच्छी तरह से मिलाएं,आटे में गुनगुना पानी डालकर सख्त आटा गूंद लें और इसे ढककर आधे घंटे के लिए अलग रख दें,इसके बाद आटे को फिर से अच्छी तरह गूंदें और इसकी छोटी-छोटी लोइयां बना लें,तैयार लोइयों को हल्का-सा बेल लें और फिर कांटे वाले चम्मच से मठरियों में छेद कर दें,मीडियम आंच में एक कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए रखें,तेल के गर्म होते ही इसमें मठरियों को डालकर सुनहरा होने तक तल लें और आंच बंद कर दें।,कसूरी मठरी तैयार है।

शब्द सामर्थ्य-32

बाएं से दाएं

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

ऊपर से नीचे

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 31 का हल

पं	क्ति		स्वा	द		स	ब	ब
जा		सु	हा	ना			ली	द
ब	हु	धा		द	ल	ना		ल
		क	मा	न		ग	ह	ना
भं	व	र				वा	म	
गी	त		म	ज	बू	र		ट
	न	म	स्का	र				र
		र्या			बी		ना	का
सं	वि	दा		ब	स	च	ल	ना

सू-दोकू-32

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.31का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5